महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने छठ पर्व को देखते हुए अल सुबह तालाबों का लिया जायजा, छठ महापर्व के मद्देनजर व्यापक तैयारियों के साथ तालाबों को दिया गया अंतिम रूप

भिलाई नगर/ छठ पर्व को देखते हुए तालाबों की सफाई का वृहद अभियान भिलाई निगम द्वारा छेड़ा गया था , इसके साथ ही इसे आज अंतिम रूप दे दिया गया। छठ महापर्व के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अल सुबह संयुक्त रूप से शहर के तालाबों का निरीक्षण किया। विस्तृत कार्य योजना के तहत तालाबों की सफाई का काम 15 दिन पूर्व से प्रारंभ हो गया था, स्वच्छता कर्मचारी तालाबों की सफाई में युद्ध स्तर पर जुट गए थे और सभी संसाधनों के साथ तालाबों की वृहद सफाई की गई। भिलाई निगम द्वारा छठ पर्व को देखते हुए तालाबों में व्यापक व्यवस्था बनाई गई है। तालाबों के घाट को भी अच्छे से साफ किया गया है। प्रकाश व्यवस्था भी बेहतर की गई है साथ ही कई स्थानों पर चेंजिंग रूम की भी सुविधा उपलब्ध है , इसके साथ ही अधिक गहराई में श्रद्धालु न जा पाए इसके भी इंतजाम है। विभिन्न तालाबों में पूजन सामग्री के लिए अस्थायी तौर पर विसर्जन कुंड भी तैयार किया गया है। अब तालाब एक अलग ही स्वरूप में नजर आने लगा हैं तथा आकर्षक लगने लगे है। तालाब सफाई के लिए महापौर व आयुक्त ने पूर्व में ही निर्देश अधिकारियों को जारी कर दिए थे। जिसके चलते जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में सभी तालाबों जहां पर छठ पर्व का आयोजन किया जाता है की वृहद सफाई के साथ ही अच्छी व्यवस्था बनाई गई है। आज से डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने हजारों श्रद्धालु छठ तालाबों में जुटेंगे जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। आज महापौर एवं आयुक्त ने सेक्टर 7 तालाब, सेक्टर 2 तालाब, बाबा बालक नाथ मंदिर स्थित तालाब , लक्ष्मण नगर छावनी तालाब एवं अन्य तालाबों जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महापौर नीरज पाल ने छठ पर्व के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। आज के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।